MPBOARDONLINE.COM

# बोर्ड प्रश्न-पत्र 2013

## सामान्य हिन्दी ( म. प्र. )

### कक्षा X

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन करके कीजिए—**

1. शबरी की कुटिया में ................ आये थे। (भगवान बुद्ध / भगवान राम)
2. प्रकृति ................ का ही रूप है। (परमात्मा / आत्मा)
3. अरविन्द ................ थे। (राजनेता / योगी)
4. जिन वाक्यों में हर्ष, शोक, आश्चर्य, घृणा आदि के भाव प्रकट होते हैं, उन्हें ................ वाक्य कहते हैं। (विस्मयादि वाचक / आज्ञावाचक)
5. 'तुम्हारी विरासत' कविता ................ है। (आस्थावादी / आदर्शवादी)

**उत्तर—** 1. भगवान राम, 2. परमात्मा, 3. योगी, 4. विस्मयादि वाचक, 5. आस्थावादी।

**प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

**1. कवि रामनरेश त्रिपाठी ने 'देश का मुकुट' कहा है—**

(a) कश्मीर को (b) कन्याकुमारी को

(c) हिमालय को (d) नेपाल को।

**2. 'माटीवाली' के रचनाकार हैं—**

(a) विद्यासागर नौटियाल (b) सरदार पूर्णसिंह

(c) श्रीराम शर्मा (d) उपेन्द्रनाथ अश्क।

**3. स्वर संधि के भेद होते हैं—**

MPBOARDONLINE.COM

(a) चार (b) पाँच

(c) छः (d) सात।

**4. समास रचना प्रक्रिया में लोप हो जाता है—**

(a) शब्दों का (b) वाक्यों का

(c) विभक्तियों का (d) विरामचिन्हों का।

**5. मीराबाई की रचना है—**

(a) गीतगोविन्द की टीका (b) सबद

MPBOARDONLINE.COM

(c) रमैनी (d) नीति के दोहे।

**उत्तर—** 1. (c), 2. (a), 3. (b), 4. (c), 5. (a).

MPBOARDONLINE.COM

**प्रश्न 3. सत्य / असत्य का चयन कीजिए—**

1. युद्ध का पर्यायवाची विशुद्ध होता है।
2. "यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है, तो निबंध गद्य की कसौटी है।" उक्त कथन बाबू गुलाबराय का है।
3. कलिंग की महारानी का नाम अमिता था।
4. तुलसीदास रामजी के चरण कमलों में बसना चाहते हैं।
5. कर्मवीर बाधाओं से डरते नहीं हैं।

उत्तर— 1. असत्य, 2. असत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर एक वाक्य अथवा एक शब्द में दीजिए—**

1. 'गुप्त' का विरोधी शब्द क्या है ?
2. लेखक ने धन से अधिक महत्व किसे दिया है ?
3. 'तुम वही दीपक बनोगे' कविता किस वर्ग को सम्बोधित करके लिखी गई है ?
4. हास्य से कौन-सा हॉर्मोन्स स्रावित होता है ?
5. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर— 1. प्रकट, 2. समय, 3. युवापीढ़ी, 4. कोरेलामिन्स, 5. 3.

**पश्न 5. स्तम्भ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़े बनाइये—**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| 1. पृथ्वी का स्वर्ग | (a) तत्सम |
| 2. सूखी डाली | (b) कश्मीर |
| 3. जंगल में महामंगल | (c) उपेन्द्रनाथ अश्क |
| 4. लम्बे समय तक जीने वाला | (d) कर्मवीर |
| 5. दंत, दश, दधि, दुग्ध | (e) यशपाल |
| | (f) चिरजीवी |
| | (g) तद्भव। |

MPBOARDONLINE.COM

उत्तर— 1. (b), 2. (c), 3. (d), 4. (f), 5. (a).

**प्रश्न 6. वर्तमान स्थिति में मानव-संबंधों के बारे में कवि के विचारों का उल्लेख कीजिए। ( लगभग 60 शब्दों में )**

***अथवा,* "मनुष्य की पीड़ा गूँगी होकर भी गाने में समर्थ है।" इसका आशय स्पष्ट कीजिए।**

**प्रश्न 7. मीरा ने 'राम रतन धन' को अमोलक क्यों कहा है ? ( लगभग 60 शब्दों में )**

**अथवा, कवि तुलसीदास को अपनी इन्द्रियों पर हँसी क्यों आती है ?**

**प्रश्न 8. 'तुम्हारी विरासत' कविता हमें क्या संदेश देती है ?( लगभग 60 शब्दों में )**

***अथवा,* "जागी फिर से सोई पीड़ा" से कवि का क्या आशय है ?**

**प्रश्न 9. "प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। ( लगभग 60 शब्दों में )**

***अथवा,* "गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए।" स्पष्ट कीजिए।**

**प्रश्न 10. संस्कृति जीवन के लिए क्यों आवश्यक है ? ( लगभग 60 शब्दों में )**

***अथवा,* द्विवेदी जी को सरस्वती पत्रिका के प्रकाशन करने के लिए किस तरह के प्रलोभन दिये जाते थे ? उनकी प्रतिक्रिया को स्पष्ट कीजिए।**

**प्रश्न 11. अशोक के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।**

MPBOARDONLINE.COM

***अथवा,* बेला के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।**

प्रश्न 12. भारतेन्दु युग के निबन्धों की कोई दो विशेषताएँ, दो प्रमुख निबंधकार व उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

*अथवा,* आत्मकथा किसे कहते हैं ? आत्मकथा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो आत्मकथा लेखकों के नाम लिखिये।

प्रश्न 13. ( क ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ( कोई दो )—
टाल-मटोल करना, तितर-बितर होना, चेहरा खिलना।

( ख ) मुहावरों और लोकोक्ति में क्या अंतर है ? कोई एक लोकोक्ति लिखिए।

*अथवा,* ( क ) निम्नलिखित में से कोई दो वाक्य शुद्ध करके लिखिए—
( अ ) देश की बढ़ती हुई जनसंख्या वृद्धि के कारण लिखो।
( ब ) प्रबन्धक पद पर विद्वान महिला की नियुक्ति हुई है।
( स ) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी।

( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति सही वर्तनी चुनकर लिखिए—
( अ ) नारी घर की ............... होती है। ( लक्ष्मी, लक्ष्मी )
( ब ) हम आपके ................ भविष्य की कामना करते हैं। ( उज्ज्वल, उज्जवल )

प्रश्न 14. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—
दिन, मछली।

( ख ) निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए—
खंडन, गरल।

*अथवा,* ( क ) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए—
दीया, मुँह।

( ख ) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए—
भक्त, मयूर।

प्रश्न 15. ( क ) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाइये तथा समास का नाम भी लिखिए—
नीला है जो अम्बर, अकाल से पीड़ित।

( ख ) निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए—
प्रत्येक, मनोविनोद।

MPBOARDONLINE.COM

*अथवा,* ( क ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए—
( अ ) अरविन्द ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। ( प्रश्नवाचक वाक्य )
( ब ) अच्छे विद्यार्थी परिश्रमी होते हैं। ( मिश्र वाक्य )

( ख ) दिये गये अवतरण में उचित विराम-चिन्ह लगाइए—
ईश्वर की अपार कृपा से हमारे घर सुशिक्षित सुसंस्कृत बहू आयी है तो क्या हम अपनी मूर्खता से उसे परेशान कर देंगे तुम जाओ बेटा किसी प्रकार की चिंता को मन में स्थान न दो

प्रश्न 16. "अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे।" स्पष्ट कीजिए।

*अथवा,* "विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है।" स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 17. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—

पर्वतों को काटकर, सड़कें बना देते हैं वे।
सैकड़ों मरुभूमि में नदियाँ बहा देते हैं वे।।
गर्भ में जल-राशि के बेड़ा चला देते हैं वे।
जंगलों में भी महा-मंगल रचा देते हैं वे।।

MPBOARDONLINE.COM

*अथवा,* भोजन-भोजन सभी एक हैं, किन्तु वही है वर भोजन।
जहाँ प्रेम की धारा बहती, और शांति का आयोजन।।
बेर-बेर मैं इन बेरों की, शबरी करता मृदुल सराह।
और बेर मुझको दो सत्वर, खाते-खाते बढ़ती चाह।।

**प्रश्न 18.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

"माँ की ममता और आँचल के अनुराग से कौन वाकिफ नहीं है ? इस पूरी दुनिया को यदि एक मंदिर मानें तो निश्चय ही माँ उसमें प्रतिस्थापित ईश्वर की प्रतिमूर्ति है और यही कारण है कि दुनिया में आने वाला मानव जीवन में सबसे पहले माँ शब्द से ही परिचित होता है। सबसे पहले माँ के आँचल को पहचानता है। माँ जननी है, निर्माणकर्ता है, इसलिए भगवान की प्रतिमूर्ति है।"

प्रश्न—( क ) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

( ख ) दुनिया में आने वाला मानव सबसे पहले किससे परिचित होता है ?

( ग ) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्रश्न 19.** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

हे नवयुवाओं! देश भर की दृष्टि तुम पर है लगी,
हे मनुज! जीवन की तुम्हीं में ज्योति सबसे जगमगी।
दोगे न तुम तो कौन देगा योग देशोद्धार में ?
देखो कहाँ क्या हो रहा है आजकल संसार में ?

प्रश्न—( क ) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

( ख ) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

( ग ) कवि के अनुसार देश भर की दृष्टि कहाँ लगी है ?

**प्रश्न 20.** अपने छोटे भाई को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई-पत्र लिखिए।

*अथवा,* रीवा नगरपालिका अध्यक्ष को एक शिकायती-पत्र लिखिए, जिसमें मोहल्ले की सफाई न होने के संबंध में शिकायत की गई हो।

**प्रश्न 21.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए—

(1) कम्प्यूटर मानव जीवन की आवश्यकता,
(2) समय का सदुपयोग,
(3) जल ही जीवन है
(4) वृक्षारोपण या वन संरक्षण,
(5) जीवन में खेलों का महत्व।

MPBOARDONLINE.COM